**अभ्यास प्रश्न पत्र**

**कक्षा-तीसरी**

**विषय-हिंदी**

**(कुल अंक: 51 लिखित+29 मौखिक)**

**निर्देश:**

- **सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्न संख्या 1 से 5 (मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग और पठन) व्यक्तिगत आकलन है |**
- **इसमें शिक्षक बच्चों को एक-एक करके अपने पास बुलाएँ और आकलन करें।**

**प्रश्न** 1**:** शिक्षक दी गई कहानी बच्चों को सुनाएँ और एक-एक करके बच्चे को App से कहानी से जुड़े प्रश्न पूछें | (प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक) **(1+1+1+1+1 = 5 अंक)**

अमन और किशन बाज़ार गए। बाज़ार में फलों के ठेले लगे हुए थे। ठेले पर आम, पपीते, केले, अंगूर और संतरे बिक रहे थे। उन्होंने पके हुए आम और केले खरीदे। अमन ने आम खाया और और किशन ने केले। फिर उन्होंने एक किलो संतरे घर के लिए खरीदे | बाजार घूमकर वे वापस घर आ गए। शाम को उन्होंने अपनी कॉपी में खर्चे का हिसाब लिखकर माँ को दिखाया |

1. बाज़ार में कौन कौन गये थे ?
2. किशन ने बाज़ार में क्या खाया ?
3. अमन और किशन ने घर के लिए कितने किलो संतरे खरीदे ?
4. बाज़ार में घूमकर अमन और किशन ने क्या किया होगा ?
5. अमन और किशन ने घर के लिए संतरे ही क्यों खरीदे होंगे ?


**प्रश्न** 2: बच्चे को वाक्य पढ़कर सुनाएँ | वाक्य के अनुसार बच्चे को उपयुक्त चित्र पर ऊँगली रखने के लिए कहें | (1+1+1=3)

**(अ) पेंटर घर को पेंट कर रहा है** |


1




2



3




4



(ब) दर्जी कपड़ों की सिलाई कर रहा है |

1



2



3



4



(स) बच्चे कबड्डी खेल रहे हैं |

1



2



3



4



**प्रश्न** 3: शिक्षक बच्चे को एक-एक करके दिए गए शब्दों (सार्थक) को पढ़ने के लिए कहें | **(10 अंक)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यज्ञ | दोष | बटन | पैंसिल | प्रकाश |
| शत्रुता | खटमल | जादूगर | सुरक्षित | रसोईघर |

**प्रश्न** 4: शिक्षक बच्चे को एक-एक करके दिए गए शब्दों (निरर्थक) को पढ़ने के लिए कहें | (6 **अंक**)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छच | तुभ | मजर | पगीया | कौंकना | बलगन |

**प्रश्न** 5: बच्चे को दिए गए पाठ को उचित गति, उतार-चढ़ाव के साथ पढ़ने के लिए कहें | **(5 अंक)**

रविवार का दिन था | मैं खेतों में घूमने जा रहा था | पिताजी ने बताया कि गेहूँ पकने वाली है | फसल देखकर पिताजी बहुत खुश थे | साथ लगते खेतों में गेहूँ मुरझाई हुई थी | मैंने पिताजी से पूछा, " क्या गेहूँ बीमार है" ? पिताजी ने मेरे सिर पर हाथ रखा और कहा, "नहीं" | इसका कारण समय पर खाद-पानी ना मिलना है |

**अभ्यास प्रश्न पत्र**

**कक्षा-तीसरी**

**विषय-हिंदी**


**विद्यार्थी का नाम:_______________** **अनुक्रमांक:______** **(कुल अंक: 51 लिखित+29 मौखिक)**

**निर्देश:**


1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न संख्या 6 से 12 के जवाब बच्चों को लिखित रूप में देने हैं।

**प्रश्न 6:** सूचना/निर्देशों को पढ़कर, वाक्य को उचित चित्र से मिलान (⟍) करें | **(अंक- 05)**

पानी है अनमोल, इसे बचाकर समझो इसका मोल



जानवरों से हमेशा प्यार करो



सावधान ! आगे सड़क टूटी हुई है |



तंदरूस्ती का आधार, फल सब्जियों वाला आहार



खूनदान, महादान



**प्रश्न 7:** चित्र में क्या हो रहा है? चित्र देखकर कोई तीन वाक्य लिखें | **(अंक- 06)**



1.________________________________________

2.________________________________________

3.________________________________________

**प्रश्न 8**: नीचे दी गई कहानी को पढ़कर 3-4 वाक्यों में कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखें | **(अंक-** 05)

पूनम अपने मामा के घर गई हुई थी | एकदिन घर में लाईट नहीं थी | सभी लोग गर्मी से परेशान थे | पूनम नानी को ढूँढ रही थी | पूरा घर छान लिया, लेकिन नानी कहीं नहीं दिखीं | तभी रोहित बाहर से भागता हुआ आया | सभी लोग बाहर चलो | गर्मी से बचने के लिए पेड़ के नीचे बैठेंगे | नानी भी वहीँ बैठी हुई हैं |

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**प्रश्न 9:व्याकरण भाग | इस प्रश्न के पाँच भाग ('क', 'ख', 'ग', 'घ', 'च') हैं | (4+2+2+2+4=14 अंक)**

**प्रश्न 9:भाग-क:** दिए गए वाक्यों को पढ़कर प्रत्येक वाक्य से संज्ञा शब्दों को छांटकर लिखें |**(1+1+1+1=04 अंक)**

| **वाक्य** | **संज्ञा** |
|---|---|
| दिल्ली देश की राजधानी है। | |
| कपिल सो गया है \| | |
| पंखा बंद कर दीजिए \| | |
| हाथी एक विशाल पशु है \| | |

Sample

**प्रश्न 9:भाग-ख: वाक्यों में से कोई 2 सर्वनाम शब्द चुनकर लिखें |** **(1+1=2 अंक)**

| वाक्य | सर्वनाम शब्द |
|---|---|
| महेश ने दुकान में जलेबियाँ बनते हुए देखीं \| उसने दस रूपये की जलेबी खरीदी \| फिर उसे याद आया, तनवीर भी भूखा है \| उसने उसके लिए भी दस रूपये की जलेबी खरीद ली \| | |

**प्रश्न 9:भाग-ग:** नीचे दिए गए वाक्यों के लिंग बदलकर नए वाक्य लिखें | **(1+1=2 अंक)**

| **वाक्य** | **लिंग** बदलकर लिखें |
|---|---|
| शेर खूंखार जानवर है \| | |
| राजा रथ पर बैठकर जा रहा है \| | |

**प्रश्न 9:भाग-घ:** नीचे दिए गए वाक्यों के **वचन** बदलकर नए वाक्य लिखें | **(1+1=2 अंक)**

| **वाक्य** | वचन बदलकर लिखें |
|---|---|
| गिलहरी आम खा रही है \| | |
| निखिल का जूता फट गया है \| | |

**प्रश्न 9:भाग-च**: मुहावरे पढ़कर प्रत्येक मुहावरे को उसके अर्थ से मिलान करें| **(2+ 2=4 अंक)**

| | |
|---|---|
| नौं दो ग्यारह होना | बहुत प्यारा |
| आँख का तारा | भाग जाना |

Sample Tool

**प्रश्न 10:व्याकरण भाग | इस प्रश्न के तीन भाग (‘क’, ‘ख’, ‘ग’) हैं |** **(4+4+3=11 अंक)**

**प्रश्न 10 भाग-**क: दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखें | **(1+1+1+1=4 अंक)**

| **शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|
| सुख | |
| दिन | |
| अपना | |
| धरती | |

**प्रश्न** 10 **भाग-**ख**:** दिए गए शब्दों को उनके पर्यायवाची शब्दों से मिलान करें | (1+1+1+1=**4 अंक**)

| **शब्द** | **पर्यायवाची शब्द** |
|---|---|
| सांप | नेत्र, चक्षु |
| आँख | गृह, आवास |
| घर | पवन, वायु |
| हवा | नाग, विषधर |

**प्रश्न 10 भाग-**ग**:** दिए गए वाक्यांश को पढ़कर, उनके लिए एक शब्द लिखें | (1+1+1=**3 अंक**)

| **वाक्यांश** | **शब्द** |
|---|---|
| फूल बेचने वाला | | |
| जूते सिलने वाला | | |
| मरीजों का इलाज करने वाला \| | |

**प्रश्न** 11: वाक्यों को पढ़कर प्रत्येक वाक्य में उचित चिह्न लगाकर वाक्य लिखें | (1+1+1+1+1=**5 अंक**)

| **वाक्य** | **उचित चिह्न लगाकर वाक्य लिखें** |
|---|---|

| | |
|---|---|
| **i**).बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं | |
| **ii**).क्या तुम पढ़ाई कर चुके हो | |
| **iii**). स्कूल में हमने दाल चावल और रोटी खाई | | |
| **iv**).धीरे धीरे वह महिला सड़क पार कर गई \| | |
| **v**). बच्चे छत पर पतंग उड़ा रहे हैं | |

**प्रश्न 12 :** नीचे दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें | (1+1+1+1+1=**5 अंक**)

पंकज और उसकी छोटी बहन केशवी स्कूल से घर जा रहे थे। रास्ते में एक नदी थी। तेज बरसात होने से नदी का बहाव बढ़ चुका था। पंकज ने उफनती नदी देखकर आगे जाने से मना कर दिया। नदी में पानी बढ़ता जा रहा था | पास खड़े कुछ लोग दौड़कर आए और उन्होंने मिलकर दोनों को नदी पार करवाई।

**प्रश्न (i). पंकज और केशवी कहाँ जा रहे थे ?**

**उत्तर:** ______________________________________________

**प्रश्न (ii). नदी में बहाव किस कारण बढ़ गया था ?**

**उत्तर:** ______________________________________________

**प्रश्न (iii). पंकज और केशवी को नदी किसने पार करवाई ?**

**उत्तर:** ______________________________________________

**प्रश्न (iv). अगर नदी के पास लोग नहीं होते तो पंकज और केशवी नदी कैसे पार करते ?**

**उत्तर:** ______________________________________________

**प्रश्न (v). लोग नदी के पास खड़े होकर क्या कर रहे होंगे ?**

**उत्तर:** ______________________________________________

Sample Tool